दिनांक-29जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का हो रहा है निराकरण , आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आवेदन को गंभीरता से लेकर निराकरण करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है ऐसे आवेदन जो त्वरित समाधान योग्य है उन्हें समय सीमा के भीतर निराकरण किया जा रहा है! भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जिसमें वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास , वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन , सियान सदन मिलन चौक एवं अंडा चौक स्थित भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की गई है! मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी , स्वच्छता निरीक्षक वार्ड कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं।!

जनसम्पर्क अधिकारी